हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

एम.एच.डी.-22 : कबीर का विशेष अध्ययन

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं ***दो*** की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *2×10=20*

(क) एक कनक अरु काँमिनी, बिष फल कीएउ पाइ ।
देखै ही थै बिष चढ़ै, खाँयै सूँ मरि जाइ ।।

(ख) कबीर यह मन कत गया, जो मन होता काल्हि ।
डूँगरि बूठा मेह ज्यूँ गया निवाँणाँ चालि ।।

(ग) रोवणहारे भी मुए, मुए जलाँवणहार ।
हा हा करते ते मुए, कासनि करौं पुकार ।।

(घ) तन खोजौ नर करौ बड़ाई,
जुगति बिना भगति किनि पाई ।
एक कहावत मुलाँ काजी, राम बिना सब फोकटबाजी ।
नव ग्रिह बाँभण भणता रासी, तिनहुँ न काटी जम कौ पासी ।
कहै कबीर यहु तन काचा, सबद निरंजन राँम नाँम साचा ।

2. कबीर की निर्गुण-सगुण समन्वय साधना का विश्लेषण कीजिए । *10*

3. कबीर के अध्ययन में ‘आदिग्रंथ’ के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । *10*

4. कबीर की सामाजिक मान्यताओं का विवेचन कीजिए । *10*

5. कबीर की भाषा के काव्यात्मक उपकरणों की चर्चा कीजिए । *10*

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर लगभग 200 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियाँ लिखिए : *2×5=10*

(क) हिन्दी के इतिहासग्रंथों में कबीर

(ख) कबीर के राम

(ग) अवतारवाद

(घ) खेचरी मुद्रा